52 वर्ष के हुए सोनू निगम

बॉलीवुड के जानेमाने पार्श्वगायक सोनु निगम आज 52 वर्ष के हो गये. सोनू निगम का जन्म हरियाणा के फरीदाबाद शहर में 30 जुलाई 1973 को हुआ. उनके पिता माता-पिता गायक थे. बचपन से ही सोनू निगम का रूझान संगीत की ओर था और वह भी अपने माता-पिता की तरह गायक बनना चाहते थे. इस दिशा में शुरुआत करते हुए उन्होने अपने पिता के साथ महज तीन वर्ष की उम्र से स्टेज कार्यक्रमों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया . सोनू निगम 19 वर्ष की उम्र में पार्श्वगायक बनने का सपना लेकर अपने पिता के साथ मुंबई आ गये.

यहां उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा .अपने जीवन यापन के लिये वह स्टेज पर मोहम्मद रफी के गाये गानो के कार्यक्रम पेश किया करते थे .

इसी दौरान प्रसिद्ध कंपनी टी.सीरीज ने उनकी प्रतिभा को पहचान उनके गाये गानो का एलबम ..रफी की यादें ..निकाला .

सोनू निगम ने पार्श्वगायक के रूप में अपने सिने करियर की शुरूआत फिल्म ..जनम ..से की लेकिन दुर्भाग्य से यह फिल्म प्रदर्शित नहीं हो सकी. लगभग पांच वर्ष तक वह मुंबई में पार्श्वगायक बनने के लिये संघर्ष करने लगे .आश्वासन तो सभी देते लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नही देता था .इस बीच सोनू निगम ने बी और सी ग्रेड वाली फिल्मों में पार्श्वगायन किया लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कोई खास फायदा नहीं पहुंचा.सोनू निगम के कैरियर के लिये 1995 अहम वर्ष साबित हुआ और उन्हें छोटे पर्दे पर कार्यक्रम ..सारेगामा ..में होस्ट के रूप में काम करने का अवसर मिला .इस कार्यक्रम से मिली लोकप्रियता के बाद वह कुछ हद तक अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये .

इस बीच उनकी मुलाकात टी.सीरीज के मालिक गुलशन कुमार से हुयी जिन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचान करके अपनी फिल्म ..बेवफा सनम ..में पार्श्वगायक के रूप में काम करने का मौका दिया .इस फिल्म में उनके गाये गीत ..अच्छा सिला दिया तूने मेरे प्यार का..उन दिनों श्रोताओ के बीच क्रेज बन गया . फिल्म और गीत की सफलता के बाद वह पार्श्वगायक के रूप में फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये .बेवफा सनम की सफलता के बाद सोनू निगम को कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गये . जिनमें दिल से .सोल्जर .आ अब लौट चले .सरफरोश .हसीना मान जायेगी और ताल जैसी बड़े बजट की फिल्में शामिल थी. इन फिल्मों की सफलता के बाद उन्होंने सफलता की नयी बुलंदियों को छुआ और एक से बढक़र एक गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया .

सनी देओल और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने मिलाया हाथ !

बॉलीवुड के एक्शन स्टार सनी देओल ,एक्सेल एंटरटेनमेंट की एक्शन थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं. गदर 2 और जाट की बैक-टू-बैक सफलता के बाद सनी देओल अब हिंदी सिनेमा के सबसे भरोसेमंद अभिनेता में गिने जा रहे हैं. वर्ष 2025 में उनके पास बॉर्डर 2, लाहौर 1947 और रामायण- पार्ट वन जैसी बड़ी फिल्में हैं. चर्चा है कि सनी देओल पहली बार एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर में नजर आएंगे.

एक सूत्र ने बताया, अभी तक बिना टाइटल वाली इस एक्शन थ्रिलर फिल्म से सनी देओल और एक्सेल एंटरटेनमेंट की पहली बार साझेदारी होगी. दोनों के बीच लंबे वक्त से बातचीत चल रही थी और अब एक हाई-कॉन्सेप्ट, बड़े बजट की एक्शन फिल्म पर काम करने को लेकर दोनों ही काफी उत्साहित हैं. सनी को स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई है और वो फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के साथ काम करने को लेकर बेहद खुश हैं. सूत्र ने ये भी बताया कि इस फिल्म से बालाजी निर्देशन में डेब्यू करेंगे, जो तमिल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में असिस्टेंट और एसोसिएट डायरेक्टर के तौर पर काम कर चुके हैं.

ताजमहल में दिन भर चली 'तू मेरी मैं तेरा,' की शूटिंग

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन, जैकी श्रॉफ और अभिनेत्री अनन्या पांडे ने मंगलवार को ताजमहल में अपनी नई फिल्म %तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी% की शूटिंग की.

शूटिंग के लिए अनन्या पांडे और जैकी श्रॉफ सुबह ही पहुंच गए थे, जबकि कार्तिक आर्यन दोपहर में पहुंचे और कुछ ही घंटे शूटिंग करके निकल गए. कुछ देर बाद जैकी श्रॉफ ने भी शूटिंग पूरी कर ली. इसके बाद शूटिंग टीम अनन्या के साथ शाम तक कई दृश्यों का फिल्मांकन करती रही.

फिल्मांकन को देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ लग गई. फिल्म %तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी% के लीड रोल में अभिनेता कार्तिक आर्यन और एक्ट्रेस अनन्या पांडे हैं. कुछ दिन पहले ही अभिनेता जैकी श्रॉफ फिल्म का हिस्सा बने हैं. इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं और इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नम: पिक्चर्स द्वारा किया जा रहा है.

शूटिंग के लिए जैकी श्रॉफ फ्लोरल प्रिंटेड शर्ट, ब्लैक ट्राउजर और हैट में नजर आए. अभिनेता जैकी श्राफ सुबह सात बजे ताजमहल पहुंच गए थे. जैकी श्राफ अपने चिर-परिचित अंदाज में हाथ में पौधा लिए नजर आए. अभिनेत्री अनन्या पांडे सुबह आठ बजे ताजमहल पहुंची. दोपहर के कुछ देर की शूटिंग में कार्तिक आर्यन भी शामिल हुए. बारिश के कारण फिल्म की शूटिंग रुक-रुक कर हुई. शूटिंग के चलते कुछ देर तक पर्यटकों का रॉयल गेट से प्रवेश रोक दिया गया.

कृति सैनॉन का बिजनेस की दुनिया में जलवा

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन के लिए इस साल का जुलाई महीना बेहद खास रहा. एक तरफ जहां उन्होंने अपना 35वां जन्मदिन मनाया, वहीं दूसरी तरफ उनके ब्यूटी ब्रांड हायफन ने दो साल पूरे कर लिए. इस डबल सेलिब्रेशन को खास बनाते हुए ब्रांड ने अपनी शानदार कमाई के आंकड़े भी शेयर किए हैं. HYPHEN के को-फाउंडर और सीईओ तरुण शर्मा ने बताया कि ब्रांड ने दो साल में ?400 करोड़ की ग्रॉस रेवेन्यू हासिल की है.

उन्होंने कहा कि, हायफन का दूसरा जन्मदिन बेहद खास रहा. हमने ?400 करोड़ का ॠक्र क्रॉस किया और हमारे 60त्न कस्टमर रिटर्न कर रहे हैं. एक साल में 1 मिलियन से 4 मिलियन कंज्यूमर्स तक पहुंचना किसी सपने से कम नहीं था. ब्रांड की सफलता का श्रेय उन्होंने ग्राहकों की जरूरतों को समझने, सही प्रोडक्ट स्ट्रैटेजी और मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को दिया.हायफन की शुरुआत कृति सेनन ने अपने 33वें जन्मदिन (जुलाई 2023) पर की थी. इस मौके पर कृति ने कहा, ॥ङ्घक्क॥श्वह को शून्य से बनाना मेरे लिए बेहद पर्सनल और सैटिस्फाइंग सफर रहा है.

कोर्ट ने रिया चक्रवर्ती को जारी किया नोटिस

सीबीआई ने मार्च महीने में बांद्रा स्थित एक मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े मामले में अपनी क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी. बाद में यह मामला साउथ मुंबई की एक एस्प्लेनेड कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया, जो सीबीआई के मामलों की सुनवाई करती है. इसी कोर्ट में मामले की सुनवाई कर रहे एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट आर. डी. चव्हाण ने जुलाई की शुरुआत में रिया चक्रवर्ती को नोटिस जारी किया था.

रिया चक्रवर्ती ने सुशांत सिंह राजपूत की बहनों और एक डॉक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि वे सुशांत की मौत के लिए जिम्मेदार हैं. इस मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त को होगी. सीबीआई ने पहले ही मामले की जांच के बाद क्लोजर रिपोर्ट पेश कर दी है. सभी पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट को यह तय करना है कि रिपोर्ट स्वीकार की जाए या एजेंसी को आगे की जांच का आदेश दिया जाए. सीबीआई ने बिहार पुलिस से भी जांच अपने हाथ में ले ली थी.

दरअसल, पहले इस मामले की जांच बिहार पुलिस कर रही थी क्योंकि सुशांत सिंह राजपूत के पिता के.के. सिंह ने पटना में एक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें चक्रवर्ती पर उनके बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया.

अपनी शिकायत में सुशांत के पिता ने आरोप लगाया था कि चक्रवर्ती ने अपने परिवार के साथ मिलकर उनके बेटे के पैसे का गबन किया है. हालांकि रिया चक्रवर्ती ने कई इंटरव्यू में इस आरोप का खंडन किया था. बताते चलें कि बिहार के रहने वाले 34 वर्षीय एक्टर सुशांत सिंह राजपूत 14 जून 2020 को बांद्रा (मुंबई) स्थित अपने अपार्टमेंट में छत से लटके पाए गए थे. पांच साल बाद भी यह मामला चर्चा में है.

सितारे ज़मीन पर यूट्यूब पर की जाएगी रिलीज़

बॉलीवुड स्टार और फिल्मकार आमिर खान ने अपनी नई फिल्म सितारे जमीन पर को यूट्यूब मूवीज-ऑन-डिमांड पर रिलीज़ करने का फैसला किया है, जिससे यह फिल्म दुनिया के हर कोने तक सस्ते और आसान तरीके से पहुंच सके. आमिर खान ने एलान किया कि उनकी सुपरहिट फिल्म सितारे ज़मीन पर अब एक अगस्त 2025 से यूट्यूब पर पूरी दुनिया में रिलीज़ की जाएगी. भारत में यह फिल्म 100 में मिलेगी, जबकि अमेरिका, कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इंडोनेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और स्पेन समेत 38 देशों में यह लोकल प्राइसिंग के साथ उपलब्ध होगी.

आमिर खान ने कहा, पिछले 15 सालों से मैं इस बात की कोशिश कर रहा था कि उन लोगों तक कैसे पहुंचा जाए जो थिएटर तक नहीं जा सकते, या जो किसी वजह से थिएटर नहीं जा पाते. अब आखिरकार वो वक्त आ गया है जब सब कुछ एक साथ ठीक बैठ रहा है. हमारी सरकार ने यूपीआई शुरू किया और अब भारत दुनिया में नंबर 1 है इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट्स में. इंटरनेट की पहुँच भी भारत में बहुत तेजी से बढ़ी है और हर दिन बढ़ रही है. साथ ही यूट्यूब लगभग हर डिवाइस में होता है. अब हम भारत के बड़े हिस्से और दुनिया के बहुत से लोगों तक फिल्में पहुंचा सकते हैं.

आमिर खान ने कहा मेरा सपना है कि सिनेमा हर किसी तक पहुंचे, वो भी सही और सस्ते दामों में. मैं चाहता हूं कि लोग सिनेमा को जब चाहें, जहां चाहें, तब देख सकें. अगर ये तरीका सफल होता है, तो क्रिएटिव लोग अलग-अलग कहानियां कह पाएंगे, बिना बॉर्डर या दूसरी रुकावटों की चिंता किए. यह नए कलाकारों और फिल्म इंडस्ट्री में आने वाले लोगों के लिए भी एक शानदार मौका होगा.

फातिमा सना शेख ने कुछ यूं रखी किताब

अभिनेत्री फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई से चर्चा में हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है. इसी दौरान एक्ट्रेस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने बिल्कुल अनोखे अंदाज में किताब को पकड़ रखा है. ये तरीका नेटिजंस को पसंद भी आ रहा है और आश्चर्य भी कर रहा है. सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेत्री फातिमा सना शेख मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आ रही है. एक्ट्रेस व्हाइट शर्ट और ब्लू कलर की जींस पहने दिख रही हैं. इसके अलावा देखा जा सकता है कि अभिनेत्री ने एक ब्लैक कलर का साइड बैग टांग रखा है, जिसकी पट्टी पर उन्होंने एक किताब को अनोखे तरीके से फंसा रखा है.

फोन भीग जाए तो फौरन करो ये काम

सही समय पर उठाए गए कदम आपके कीमती फोन को खराब होने से बचा सकते हैं. बारिश के मौसम में फोन को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा वॉटरप्रूफ कवर या पाउच का यूज करना फायदेमंद रहता है.

फोन भीग जाए तो क्या करें?- अगर आपका फोन भीग जाए, तो घबराने की बजाय कुछ सही और जरूरी कदम उठाकर आप उसे बचा सकते हैं. पानी से भीगे फोन में अगर समय रहते सावधानी नहीं बरती गई, तो वह खराब हो सकता है या हमेशा के लिए बंद भी हो सकता है. नीचे बताया गया है कि ऐसे समय में आपको क्या करना चाहिए.

फोन को तुरंत बंद करें- फोन में पानी घुसते ही सबसे पहले उसे स्विच ऑफ कर दें. अगर वह चालू है तो इंटरनल सर्किट में शॉर्ट सर्किट होने का खतरा रहता है. फोन को ऑन रखने से नुकसान और बढ़ सकता है, इसलिए जल्दी से पावर बंद करना सबसे जरूरी कदम होता है.

सिम कार्ड और मेमोरी कार्ड निकालें- फोन को बंद करने के बाद सिम कार्ड और मेमोरी कार्ड को तुरंत बाहर निकाल लें. इससे दोनों को नमी से बचाया जा सकता है और डाटा लॉस का खतरा कम होता है. इसके साथ ही फोन के कवर, केस या कोई अन्य एक्सेसरी भी निकाल दें.

फोन को सूखे कपड़े से पोंछें- फोन के बाहरी हिस्से को किसी साफ और सूखे सूती कपड़े से धीरे-धीरे पोंछें. किसी भी हिस्से में दबाव ना डालें और स्क्रीन को रगड़ें नहीं. अगर संभव हो तो फोन को थोड़ा झुकाकर पानी को बाहर निकलने दें.

वीवो वी60 स्मार्टफोन जल्द होगा लॉन्च !

वीवो वी60 स्मार्टफोन निर्माता कंपनी वीवो ने इस साल फरवरी में अपना पॉपुलर स्मार्टफोन वी50 को पेश किया था. लेकिन इस फोन को वो कामयाबी नहीं मिली जिसकी कंपनी ने उम्मीद की थी. लेकिन अब कंपनी इस फोन का अपग्रेड वर्जन वीवो वी60 को लॉन्च करने जा रही है. इस नये फ़ोन की माइक्रोसाइट भी लाइव हो चुकी है. इस फोन से जुड़ी कुछ जानकारियां हम आपके लिए लेकर आये हैं तो आपके लिए उपयोगी साबित हो सकती हैं अगर आप नए वीवो वी60 को खरीदने की सोच रहे हैं.

नये वीवो वी60 को लेकर एक माइक्रोसाइट लाइव जो चुकी है जो कंपनी की वेबसाइट पर दी गई है, जहां आपको इस फोन से जुड़ी कुछ डिटेल्स देखने को मिलेंगी. बताया जा रहा है कि इस फोन का डिजाइन स्लिम होगा.

देश में वीवो की यूनिट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म - पर एक पोस्ट में बताया है कि वीवो वी60 को भारत में जल्द लॉन्च किया जाएगा. हालांकि, इसके लॉन्च की तिथि की जानकारी नहीं दी गई है. इस स्मार्टफोन की कुछ सर्टिफिकेशन वेबसाइट्स पर भी लिस्टिंग हुई है. हाल ही में एक लीक में बताया गया था कि वीवो वी60 को 12 अगस्त को भारत में लॉन्च किया जाएगा. इस स्मार्टफोन का प्राइस 37,000 रुपये से 40,000 रुपये के बीच हो सकता है.

वीवो वी60 में ब्रांडेड ट्रिपल रियर कैमरा यूनिट हो सकती है. इसमें 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा, 50 मेगापिक्सल का पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा और 8 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड कैमरा हो सकता है. इसके फ्रंट में 50 मेगापिक्सल का कैमरा दिया जा सकता है. वीवो वी 50 में 50 मेगापिक्सल के डुअल रियर कैमरा दिए गए हैं. इसके फ्रंट में 50 मेगापिक्सल का कैमरा है. इस स्मार्टफोन में 6,000 mAh की बैटरी दी गई है. कंपनी के वीवो वी60 में डुअल स्टीरियो स्पीकर्स मिल सकते हैं. इसमें सिक्योरिटी के लिए इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर हो सकता है. इस वर्ष की दूसरी तिमाही में देश में स्मार्टफोन की शिपमेंट्स में वीवो ने 21 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ पहला स्थान हासिल किया

नवंबर में धरती पर होगा एलियंस का हमला ?

एलियंस को लेकर सालों से अजीब अजीब दावे किए जाते रहे हैं. कई वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्रह्मांड में सिर्फ पृथ्वी ही नहीं हो सकता है जहां जीवन है, बल्कि कई ऐसे ग्रह हो सकते हैं, जहां जीवन होने की संभावना है. एलियंस को लेकर सैकड़ों फिल्में बन चुकी हैं, थ्योरी लिखे जा चुके हैं और दावा तो यहां तक किया गया है कि अमेरिका ने एक एलियन को पकड़ रखा है, जिसपर %एरिया-51% में रिसर्च होता है. इस बीच एक नये स्टडी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पृथ्वी की तरफ एक अंतरिक्ष यान काफी तेज रफ्तार से बढ़ रहा है और वो विमान एलियंस का हो सकता है. स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर तक एलियन हमारे ग्रह तक पहुंच सकते हैं और हमला कर सकते हैं.

शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि पृथ्वी की तरफ तेज रफ्तार से बढ़ रहा ऑब्जेक्ट xI/ATLAS (जिसे पहले AvvplxZ के रूप में जाना जाता था), वो एक एलियन विमान हो सकता है, जो हमारे ग्रह पर एक आश्चर्यजनक हमला कर सकता है. इस स्टडी रिपोर्ट को जारी करने वाले वैज्ञानिक का नाम एवी लोएब है, जो हार्वर्ड विश्वविद्यालय में खलोगविद् हैं. उन्होंने एलियंस के ऊपर एक किताब भी लिखी है.

पृथ्वी पर एलियंस के हमले का दावा कितना सही ?

आपको बता दें कि xI/ATLAS नाम के इस ऑब्जेक्ट को सबसे पहले चिली के एक टेलीस्कोप से देखा गया था और उसका आकार करीब 20 किलोमीटर के होने का अनुमान है . इस ऑब्जेक्ट की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति सेकंड होना मापा गया है . कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि ये ऑब्जेक्ट कोई क्षुद्रग्रह हो सकता है, लेकिन हार्वर्ड के वैज्ञानिक एवी लोएब ने इसके एलियंस का विमान होने का दावा किया है . एवी लोएब की टीम में कई और वैज्ञानिक शामिल हैं, जिनमें लंदन स्थित इनिशिएटिव फॉर इंटरस्टेलर स्टडीज़ के एडम हिबर्ड और एडम क्राउल भी हैं .

दुनिया में 6 मिनट तक छा जाएगा अंधेरा

सोशल मीडिया पर एक दावा तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि 2 अगस्त 2025 को दुनिया छह मिनट के लिए अंधकार में डूब जाएगी. यह भी दावा किया जा रहा है कि ऐसी घटना 100 साल में सिर्फ एक बार होने जा रही है. हालांकि, यह दावा अधूरा है, क्योंकि ऐसी घटना होने तो वाली है, लेकिन यह आने वाली 2 अगस्त को नहीं होगी. यह असल में आने वाले समय में एक दुर्लभ सूर्यग्रहण के बारे में हैं, जिसे सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण बताया जा रहा है. अब अमेरिका स्पेस एजेंसी नासा ने इस दावे को लेकर जवाब दिया है और बताया है कि यह कब होने जा रहा है.

सदी का सबसे लंबा पूर्ण सूर्यग्रहण

नासा के अनुसार, यह दुर्लभ सूर्यग्रहण 2025 के बजाय दो साल बाद 2 अगस्त 2027 को होने जा रहा है. इस दिन चंद्रमा की छाया यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों से गुजरेगी. यह एक दुर्लभ खगोलीय घटना की वजह बनेगी, जिसे दशकों से नहीं देखा गया है. 2 अगस्त 2027 को होने वाले पूर्ण सूर्य ग्रहण को सदी का ग्रहण कहा जा रहा है. इसके चलते धरती पर 6 मिनट 22 सेकंड तक अंधकार छा जाएगा, जो सदी का सबसे लंबा ग्रहण होगा. 1991 के बाद ऐसा नहीं हुआ है और आगे 2114 तक इसे नहीं देखा जा सकेगा. यह ग्रहण लगभग 258 किलोमीटर चौड़े एक संकरे पथ पर दिखाई देगा और पृथ्वी की सतह के 15,227 किलोमीटर के हिस्से को कवर करेगा. नासा से जारी जानकारी के अनुसार, यह स्पेन, जिब्राल्टर, मोरक्को, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र, सूडान,सऊदी अरब, यमन और सोमालिया समेत 11 देशों के कुछ हिस्सों से होकर गुजरेगा.